मुझे मुतबर ज़राए से यह भी मालूम हुवा कि मौलाना फ़ारूक़ साह़ब के नदवतुल उ़लमा से निकलने की एक वजह यह भी थी कि वह मीलाद ख़्वाँ थे, जहाँ भी रहे बज़्मे मीलाद मुंअ़क़्क़िद करते रहे, और अ़ज़मतो रिफ़अ़ते रसूले मक़बूल का फरेरा बुलन्द करते रहे। चुनान्चे नदवा में भी वह मीलाद किया करते थे, मगर नदवा के अरबाबे ह़ल्लो अ़क़्द को यह बात पसन्द न आई और उन्होंने मौलाना को इस से बाज़ रखना चाहा, तो मौलाना ने उन्हें दो टोक जवाब देते हुए नदवा को छोड़ना तो गवारा कर लिया, मगर मीलाद छोड़ने के लिये तैयार न हुए।

ऐसा इस लिये था कि आपने मिज़ाज सूफ़ियाना पाया था, और त़बियत पर तसव्वुफ़ का ग़लबा था, नीज़ अहले तसव्वुफ़ से आपके मरासिमो तअ़ल्लुक़ात भी बहुत गहरे थे, दयारे मशरिक़ के मशहूर सूफ़ी बुज़ुर्ग, अक़्लीमे रूह़ानियत के ताजवर, आ़लिमे आ़मिल, सूफ़िये कामिल आ़रिफ़ बिल्लाह मौलाना मुह़म्मद अ़ब्दुल अ़लीम आसी ग़ाज़ीपुरी (1335ھ).....क़ुदवतुल आ़शिक़ीन, इमामुल वासिलीन शाह जहाँगीर फ़ख़रुल आ़रिफ़ीन मौलाना मुह़म्मद अ़ब्दुल ह़यी चाटगामी (1339ھ) उ़म्दतुल मुह़क़्क़िक़ीन, निबरासुल मुतसव्विफ़ीन, अ़ल्लामा सय्यद शाह शुहूदुल ह़क़ चिश्ती अस्दक़ी (1331ھ).....और ज़ुब्दतुल आ़रिफ़ीन, शैख़ुल मशाइख़, अ़ल्लामा शाह ह़फ़ीज़ुद्दीन लत़ीफ़ी (1333ھ).....न सिर्फ़ आपके मुआ़सिरीन में हैं बल्कि आपके दाइरए अह़बाब और ह़ल्क़ए याराँ में भी शामिल थे। इन लोगों में मुआ़सिरत के साथ हुस्ने रिफ़ाक़त भी क़ाइम थी, और मरते दम तक बाक़ी रही। (2)

---

(1) तफ़सीलो तह़क़ीक़ के लिये देखिये 'फ़तहुल मुबीन फ़ी कशफ़े मकाइदे ग़ैरिल मुक़ल्लिदीन के ज़ेल में तम्बीहुल वहाबिय्यीन' स: 534। मत़बूआ़, दारुल उ़लूम अ़लीमिया जम्दा शाही, यूपी। इण्डिया

(2) तफ़सीलो तह़क़ीक़ के लिये देखिये, सह माही जामे शुहूद, बेहार शरीफ़–बाबत अप्रैल ता जून 2011 ईस्वी।

for more books click on the link
https://archive.org/details/@zohaibhasanattari

https://ataunnabi.blogspot.in

और फिर ऐसा क्यों न होता कि मौलाना फ़ारूक़ एक त़रफ़ तो चिराग़े रब्बानी मौलाना कामिल नुमानी वलीदपुरी से शर्फ़े मुसाहिरत (रिश्तए दामादी) रखते थे, जो अपने वक़्त में तसव्वुफ़ो रूह़ानियत की अथार्टी और उ़लूमे ज़ाहिरी व बात़िनी का मुंतहाए कमाल तसव्वुर किये जाते थे, और दूसरी त़रफ़ ख़ुद आपके मूरिसे आला अबुल जलाल मौलाना क़ाज़ी मख़दूम इसमाईल ह़सन अ़ब्बासी अ़लैहिर्रह़मा (बक़ौल मौलवी एह़सानुल्लाह अ़ब्बासी गोरखपुरी) शैख़ुल मशाइख़ ख़्वाजा नसीरुद्दीन मह़मूद चिराग़े देहलवी अ़लैहिर्रह़मा के साथ सिलसिलए इरादतो ख़िलाफ़त में बंधे हुए थे। (1)

तो ज़ाहिर है कि ऐसा क़ेरानुस्सादैन जिसका ख़मीर ही तसव्वुफ़ो मारेफ़त पर उठा हो अगर तसव्वुफ़ो रूह़ानियत के फ़राग़ो तौसीअ़ में अपना मौरूसी व मुसाहरती व मंसबी फ़रीज़ा सर अंजाम दे तो इसमें कौन सी तअ़ज्जुब की बात है!।

मज़ीद बर आँ ह़ाफ़िज़ शाह अबुल इस्ह़ाक़ भीरवी की 30 साला सुह़बत ने आपके अन्दर तसव्वुफ़ो मारेफ़त के असरारो रुमूज़ कूट कूट कर भर दिये थे, यूँही आपकी औलाद में भी इसका जलवा ख़ूब नुमायाँ रहा।

अहलुल्लाह की मजलिस में बैठना और उनकी ख़ुदा भाती बातें सुनना आपके निशात़े क़ल्बो रूह़ का बाइ़स तो था ही, बिसात़े तसव्वुफ़ से लिपटे हुए बाज़ मशाग़िल भी आपकी दिलचस्पियों का ख़ुसूसी उ़नवान थे। बताया जाता है कि सेमा यानी क़व्वाली आपकी रूह़ की ग़ेज़ा थी, और आप इस से मह़ज़ूज़ होते थे। फ़न्ने मूसीक़ी में दर्जए इमामत पर फ़ाइज़ थे।

कहते हैं कि उ़लमा व उ़रफ़ाए ह़क़' सेमाअ़ के ज़ीने से बहुत से मक़ामात तै कर जाते हैं, मगर आप इस से भी दो क़दम आगे बढ़ कर सेमाअ़ बिल मज़ामीर के भी क़ाएल थे। यही वजह है कि जब फ़ख़रुल आ़रिफ़ीन अ़ल्लामा अ़ब्दुल ह़यी चाटगामवी अ़लैहिर्रह़मा ने मज़मीर के साथ सेमाअ़ के जवाज़ पर शुहरए आफ़ाक़ किताब 'तह़क़ीक़ुल मज़ाईर फ़ी सेमाइल मज़ामीर' लिखी तो दीगर बहुत से उ़लमा व मुह़क़्क़िक़ीन की आरा व

---

(1) तफ़सीलो तह़क़ीक़ के लिये देखें, तारीख़ुल इस्लाम, अज़ एह़सानुल्लाह अ़ब्बासीः स 544।

for more books click on the link
https://archive.org/details/@zohaibhasanattari

https://ataunnabi.blogspot.in

तस्दीक़ात के साथ मौलाना फ़ारूक़ चिरैयाकोटी की मार्कतुल आरा और अदबी नज़ाकतों से मुरस्सा तक़्रीज़ भी इस किताब का ह़िस्सा बनी। (1)

और मेरा तो विजदान कहता है कि मौलाना ने दारुल उ़लूम चिरैयाकोट की तारीख़ी सर ज़मीन को अपनी आख़िरी आराम गाह बनाने की बजाए धावाँ शरीफ़ के एक बे आबो गयाह इलाक़े में एक वली के क़दमों तले जो अपनी दाइमी क़याम गाह बनाने की वसीयत की तो शायद इसका एक बाइ़स यह भी रहा हो कि वहाँ हर वक़्त सेमाअ़ का समाँ बंधा होता है और मौलाना की रूह़ की तस्कीन इसी में हो कि अहलुल्लाह के क़दमों में पड़ा रहूँ और रूह़ हर वक़्त सेमाअ़ की लज़्ज़तों से शाद काम होती रहे।—वल्लाह तआ़ला आ़लम—

यही नहीं, आपके साह़बज़ादे शम्सुल उ़लमा अ़ल्लामा अमीन अ़ब्बासी चिरैयाकोटी (प्रोफ़ीसर शुअ़्बए अ़र्बी ढाका यूनिवर्सिटी बंग्लादेश) (1390هـ/1970ईस्वी) भी ता ह़यात एह़तिरामो अ़क़ीदत की वारफ़्तगी के साथ मीलादो क़याम किया करते थे। जनाब एह़सानुल्लाह अ़ब्बासी चिरैयाकोटी सुम्म गोरखपुरी के पोते जनाब अरमानुल्लाह अ़ब्बासी ने (जो अभी बा ह़यात हैं) अपने दौलत कदे पर एक निजी गुफ़्तगू के दौरान मुझे बताया कि मौलाना अमीन अ़ब्बासी जहाँ भी रहे बज़्मे मीलाद में शिरकत को अपने लिये सरमायए इफ़्तेख़ार समझते रहे, ह़त्ता कि ढाका यूनिवर्सिटी बंग्लादेश में भी आपके यह मामूलात कम न हुए और प्रोफ़ीसरी के दिनों में भी ज़ौक़ो शौक़ के साथ मह़ाफ़िले मीलाद मुंअ़क़िद करते और उनमें शिरकत का भर पूर एहतिमाम किया करते थे।

इसकी ताईदो तौसीक़ में अ़ल्लामा मुफ़्ती ज़ुहूरुद्दीन अ़ब्बासी चिरैयाकोटी का रिसाला 'सुबुलुस्सलाम फ़ी इस्बातिल मौलिदि वल क़याम' को पेश किया जा सकता है, जिसमें उन्होंने मह़फ़िले मीलाद के मुंअ़क़िद करने और सलातु सलाम के खड़े होकर पढ़ने के जवाज़ पर तफ़्सीली गुफ़्तगू की है। इस किताब की तस्दीक़ करने वालों में जहाँ बहुत से उ़लमाए आलाम और मुफ़्तियाने ज़विल एह़तिशाम शामिल हैं वहीं शम्सुल उ़लमा मौलाना मुह़म्मद

(1) तफ़सीलो तह़क़ीक़ के लिये देखिये: तह़क़ीक़ुल मज़ायीर फ़ी सेमाइ़ल मज़ामीर: 71

for more books click on the link
https://archive.org/details/@zohaibhasanattari

https://ataunnabi.blogspot.in

अमीन अ़ब्बासी चिरैयाकोटी बिन मौलाना फ़ारूक़ अ़ब्बासी चिरैयाकोटी (और मौलवी उवैस मियाँ अ़ब्बासी चिरैयाकोटी) भी शामिल हैं। (1)

लिहाज़ा अगर मौलाना के बेटों में या ख़नवादए अ़ब्बासिया में कोई मीलादो क़याम वग़ैरा का क़ाएल नहीं या मामूलाते अहले सुन्नत उसे एक नज़र नहीं भाते तो वह अपने अ़क़ाइदो नज़रियात पर नज़रे सानी की ज़ह़मत करे,, मुस्तनद उ़लमाए चिरैयाकोट–अलह़म्दु लिल्लाह–सदियों से न सिर्फ़ मामूलाते अहले सुन्नत के क़ाएलो आ़मिल रहे हैं बल्कि अ़वामे चिरैयाकोट को इस राह पर लगा कर भी गए हैं। जो आज भी अपने बुज़ुर्गों के बताए हुए मस्लको अ़क़ीदा पर पाबन्दी के साथ गामज़न व कार बन्द हैं।

यह देखें आपके दूसरे हून्हार बेटे सैफ़ुल इस्लाम मौलाना यासीन अ़ब्बासी चिरैयाकोटी (1344ھ/1926ईस्वी) हैं, जो ग़ैर मुंक़सिम हिन्दुस्तान की तारीख़ की सबसे बड़ी कान्फ़्रेन्स, जिसकी सत़वतो शौकत का नज़ारा चश्मे फ़लक ने शायद कभी न देखा हो, और शायद कभी न देख सके। यानी 'आल इण्डिया सुन्नी कान्फ़्रेन्स' की निज़ामत के फ़राइज़ अंजाम दे रहे हैं, जिसमें अकाबिरे उ़लमाए अहले सुन्नत के साथ बड़ी कसरत से आला ह़ज़रत मुजद्दिदे दीनो मिल्लत मुह़द्दिस बरैलवी (1340ھ/1921ईस्वी) के ख़ुलफ़ा व तलामिज़ा रौनक़े स्टेज थे, और कान्फ़्रेन्स को कामयाबियों से हमकिनार करने में अपना बुनियादी किरदार अदा कर रहे थे।

इस कान्फ़्रेन्स के अस्ल मुह़र्रिक व रूहे रवाँ सदरुल अफ़ाज़िल मौलाना सय्यद नईमुद्दीन मुराद आबादी, और (मौलाना यासीन अ़ब्बासी के पीरो मुरशिद) सनूसिये हिन्द अमीरे मिल्लत शैख़ सय्यद जमाअ़त अ़ली शाह मुह़द्दिस अ़लीपुरी अ़लैहिर्रह़मा थे। और इस कान्फ़्रेन्स का मक़्सद इसके सिवा कुछ न था कि मामूलाते अहले सुन्नत का फ़रोग़ हो नीज़ मुसलमानाने हिन्द के ईमानो अ़क़ीदा को बद अ़क़ीदगी की बादे समूम से बचाया जा सके।

---

(1) तफ़सीलो तह़क़ीक़ के लिये देखिये, 'सुबुलुस्सलाम फ़िल मौलिदि वलक़याम, मुसन्नफ़हः मुफ़्ती ज़ुहूरुद्दीन अ़ब्बासी चिरैयाकोटीः सफ़ह़ा 37। मिल्लत प्रेस आज़मगढ़।

for more books click on the link
https://archive.org/details/@zohaibhasanattari

https://ataunnabi.blogspot.in

चुनान्चे इस तअ़ल्लुक़ से साहेबे ह़याते मख़दूमुल उ़लमा ने बड़े पते की बात लिखी है कि आल इण्डिया सुन्नी कान्फ्रेन्स की रुकनियत के लिये अहले सुन्नत होने की शर्त़ लगाई गई थी तो साथ ही 'सुन्नियत' की तारीफ़ो पहचान भी मुक़र्रर करदी गई, चुनान्चे हुज्जतुल इस्लाम, सदरुल अफ़ाज़िल ह़ज़रत (मौलाना सय्यद मुह़म्मद नईमुद्दीन मुराद आबादी) ने सुन्नी की पहचान के मुतअ़ल्लिक़ तह़रीर फ़रमाया:

> 'सुन्नी वह है जो **ما أنا عليه وأصحابى** पर ऐतिक़ाद रखता हो, और ह़ज़रत शैख़ अ़ब्दुल ह़क़ मुह़द्दिस देहलवी और बह़रुल उ़लूम फ़रंगी मह़ल्ली का मानने वाला हो, ज़मानाए ह़ाल के उ़लमा में ह़ज़रत मौलाना शाह इरशाद हुसैन साह़ब रामपुरी, ह़ज़रत मौलाना शाह फ़ज़्ले रसूल साह़ब बदायूनी, और ह़ज़रत मौलाना मुफ़्ती अह़मद रज़ा ख़ान साह़ब बरैलवी का मुतक़िद हो'। (1)

यही नहीं जामिआ़ फ़ारूक़िया बनारस में एक तारीख़ साज़ अ़ज़ीमुश शान इजलास हुवा जिसमें अ़माइदीनो अकाबिरीने क़ौमो मिल्लत शरीक हुए और अ़वामो ख़्वासे अहले सुन्नत को इमाम अह़मद रज़ा मुह़द्दिसे बरैलवी के नज़रियए ह़क़्क़ो सदाक़त और हु़सामुल ह़रमैन के फ़िक्रो एतिक़ाद के मुत़ाबिक़ ज़िन्दगी गुज़ारने का रेज़ुलुशन पास हुवा तो इसकी तस्दीक़ो ताईद करने वाले उ़लमा में मौलाना यासीन अ़ब्बासी चिरैयाकोटी भी थे। अंजुमन इशाअ़तुल ह़क़ बनारस के रिकार्ड में जिन मशाइख़े किराम की दस्तख़त़ी ताईदात मौजूद हैं उनमें से एक उ़म्दतुल मुक़र्रिरीन, कुदवतुल फ़लसफ़िय्यीन ह़ज़रत मौलाना मौलवी मुह़म्मद यासीन साह़ब चिरैयाकोटी भी हैं। (2)

यूँही आला ह़ज़रत इमाम अह़मद रज़ा की क़ाइम कर्दा 'जमाअ़ते रज़ाए मुस्त़फ़ा' जिसकी शाख़ें हिन्दुस्तान के तूलो अ़र्ज़ में फैली हुई थीं, मुराद आबाद में इसकी एक शाख़ 'अंजुमन अहले सुन्नत' के नाम से भी क़ाएम थी,

---

(1) ह़याते मख़दूमुल औलिया, अज़: मौलाना मह़मूद अह़मद क़ादरी रिफ़ाक़ती: 315। सोन बरसा, मुजफ़्फ़रपुर, बिहार। 1421हिजरी

(2) तफ़्सील के लिये देखें: मख़दूमे बनारस, अज़ मौलाना अ़ब्दुल मुजतबा सिद्दीक़ी रिज़वी: स 13।

for more books click on the link
https://archive.org/details/@zohaibhasanattari

https://ataunnabi.blogspot.in

जहाँ से दीनो सुन्नियत के तहफ़्फ़ुज़ो तौसीअ़ का मख़्तलिफ़ हैसियतों से मुतअ़द्दिद महाज़ों पर काम हो रहा था। इस अंजुमन के सदरुस सुदूर अ़ल्लामा सदरुल अफ़ाज़िल सय्यद नईमुद्दीन और नाज़िमुल उमूर मौलाना यासीन अ़ब्बासी चिरैयाकोटी थे। (1)

यूँही हिन्दुस्तान की चोटी की कान्फ़्रेन्सों में मौलाना यासीन इस्लामियाने हिन्द के ईमानो अ़क़ीदा को घनी छाँव अ़त़ा करते और उन्हें कुफ़्रो शिर्क की बादे समूम से बचाते नज़र आते हैं।

हफ़्ता वार 'अलफ़क़ीह' अमरितसर जो उस दौर का सबसे मक़बूल और इकलौता अख़बार तसव्वुर किया जाता था और ग़ैर मुंक़सिम हिन्दुस्तान के अह़नाफ़ सुन्नियों का सबसे बड़ा इ़ल्मी व फ़िक्री आरगन था, जिसमें मशाहीरे अहले सुन्नत और अकाबिरीने मिल्लत के अफ़कारो इफ़ादात शाए होते रहते थे और बद मज़हबों ख़ुसूसन वहाबिया, शीया, सल्फ़िया, नेचरी, ग़ैर मुक़ल्लिदीन, अहलेह़दीस, और अहले कुरआन (चकड़ालवी) वग़ैरा की डंके की चोट पर तर्दीद की जाती थी, मौलाना यासीन अ़ब्बासी न सिर्फ़ उसके मुअ़ज़्ज़ज़ क़ारिईन में से थे बल्कि उसकी तश्जीओ़ तौसीअ़ और तर्वीजो इशाअ़त में हमा दम कोशाँ भी रहते थे। साथ ही बद अ़क़ीदगी व फ़िक्री आवारगी की तर्जमानी करने वाले अख़बारातो रसाइल की रोक थाम करने में भी अपना क़ाइदाना किरदार अदा करते थे। (तफ़सीलो तह़क़ीक़ अलफ़क़ीह अमरितसर नीज़ तज़किराए उ़लमाए चिरैयाकोट में देखी जा सकती है)

आपके तीसरे साह़बज़ादे अबुल मआ़नी मौलाना मुबीन कैफ़ी चिरैयाकोटी (1376ھ/1956ईस्वी) भी इस मैदान में अस्लाफ़े उम्मत, अपने वालिदे गिरामी और बिरादराने नामी के शाना ब शाना नज़र आते हैं। आपके दीवान 'मैकदए कैफ़ी' में ऐसे बहुत से अशआ़र हैं जिनसे अ़क़ाइदे ह़क़्क़ा और मामूलाते अहले सुन्नत की भर पूर तर्जमानी होती है। तसव्वुफ़ो रूह़ानियत–जिसे इस दौर में बाज़ मज़हबी इन्तिहा पसन्द फ़िर्क़ों की जानिब से शजरे मम्नूआ़ क़रार दिया जाने लगा है।

---

(1) तफ़सीलो तह़क़ीक़ के लिये देखिये, हफ़्ता वारी अख़बार 'अलफ़क़ीह' अमरितसरः 21 फ़रवरी, 1917 ईस्वी। सः 6 ता 7

for more books click on the link
https://archive.org/details/@zohaibhasanattari

https://ataunnabi.blogspot.in

इन असाती़ने चिरैयाकोट की घुट्टियों में पड़ी हुई थी। और ज़िन्दगी के किसी मेड़ पर यह इस से दामन कश दिखाई नहीं देते बल्कि अपनी हर कामयाबी और सुर्ख़ रूई को बुज़ुर्गों के क़दमों की बरकत और उनकी दहलीज़े मज़ार को क़रार देते हैं।

दबिस्ताने चिरैयाकोट ने जिस त़रह़ उ़लूमे ज़ाहिरी के फ़रोग़ में अपना ज़िम्मेदाराना किरदार अदा किया है, यूँही उ़लूमे बाति़नी यानी तसव्वुफ़ो मारेफ़त की तर्वीजो तौसीअ़ में भी उसकी मुख़्लिसाना कोशिशें अहले इ़ल्म पर आशकार हैं। आ़ली मर्तबत जनाब हा़फ़िज़ अ़ली ह़सन साह़ब 'मैकदए कैफ़ी' के मुक़द्दमे में इस ह़क़ीक़त को बे ग़ुबार करते हुए रक़म त़राज़ हैं:

सह़बानुल हिन्द ह़ज़रत अ़ल्लामा कैफ़ी चिरैयाकोटी का ख़ान्दान और ज़ात जिस त़रह़ फ़ज़्लो कमाल का आफ़ताब मशहूर है उसी त़रह़ मुल्के तसव्वुफ़ो त़रीक़त की ताजदारी भी इस ख़ान्दान का त़ुर्रए इम्तियाज़ है। जिस त़रह़ मुल्क का गोशा गोशा उ़लमाए चिरैयाकोट के फ़ुयूज़ो बरकात से मालामाल है इसी त़रह़ बरकाते तसव्वुफ़ से भी मुनव्वरो दरख़्शाँ है.........। गोया मौलाना कैफ़ी के ख़ान्दाने त़रीक़तो शरीअ़त के दो समन्दरों ने बर्रे आज़म हिन्दुस्तान को घेर लिया है'। (1)

अ़ल्लामा कैफ़ी ने ताजदारे वलीदपुर, शहंशाहे कलियर, सुल्त़ाने कछौछा मुक़द्दसा, और अजमेर व वालिये अजमेर ख़्वाजा ग़रीब नवाज़ अ़लैहिमुर्रह़मतु वर्रिज़्वान वग़ैरा की शानहाए अ़ज़मत निशान में बहुत सी दिल छूती मंक़बतें रक़म की हैं, जिन्हें आरास के मौक़ों पर धूम धाम से पढ़ा और अ़क़ीदत के कानों सुना जाता था। 'मैकदए कैफ़ी' के मुरत्तिब हा़फ़िज़ अ़ली ह़सन के बक़ौल:

> आस्तानए वलीदपुर के एलावा अजमेर शरीफ़, कलियर शरीफ़ और दूसरे मशहूर उर्सों की मह़फ़िले सेमाअ़ में मौलाना मौसूफ़ का कलाम (हिन्दी, फ़ार्सी, उर्दू) कैफ़ो जज़्बात की मै दो आतिशा बनता रहता है। शाइक़ीन की ह़ालत यह थी कि अगर कहीं

(1) तफ़सील के लिये देखिये, मैकदए कैफ़ी, हा़फ़िज़ अ़ली ह़सन, मुक़द्दमा, अलिफ़, बे, जीम, शान्ती प्रेस, इलाहाबाद। 1929 ईस्वी

for more books click on the link
https://archive.org/details/@zohaibhasanattari

https://ataunnabi.blogspot.in

किसी से कोई मिस्रा या शेर सुन लेते थे तो बेताब होकर सफ़ह़ए दिल पर नक़्श कर लिया करते थे'। (1)

'मैकदए कैफ़ी' में अजमेर मुक़द्दस की अ़ज़मतो रिफ़अ़ते शान के ह़वाले से लिखी हुई मौलाना की एक नज़्म के चन्द अशआ़र मुलाहि़ज़ा करते चलें

कह रही है ठण्डी ठण्डी यह हवा अजमेर की
किश्ते दिल पर है बरसने को घटा अजमेर की
नूर आँखों का हुवा जाता है गुम्बद पर निसार
मिलती जुलती है मदीने से फ़ज़ा अजमेर की
आफ़ताबे लुत्फ़ है ह़ाजत रवाए ख़ासो आ़म
हर त़रफ़ मोती लुटाती है ज़्या अजमेर की

और ह़ज़रत ख़्वाज ग़रीब नवाज़ की शान में कही गई मंक़बत के दो शेर भी देखें

तै़बा ज़रा दिखादो बन्दा नवाज़ ख़्वाजा
मूसा मुझे बनादो बन्दा नवाज़ ख़्वाजा
जो ग़म है दिल में इस से अब जान पर बनी है
इस दर्द की दवा दो बन्दा नवाज़ ख़्वाजा

सरे दस्त हमने अपने दावे को आशनाए दलील करने की ग़रज़ से मह़ज़ एक मंक़बत के ज़िक्र पर इक्तिफ़ा किया है, तफ़सील के लिये मौलाना के दवावीनो कुल्लियात मुलाहि़ज़ा किये जा सकते हैं। बहर ह़ाल! इस से मौलाना की खुश एतिक़ादी, कैफ़ियते बात़िनी और बुज़ुर्गों के तईं आपकी मह़ब्बतो एह़तिराम का गोशा बिल्कुल बे ग़ुबार होकर सामने आगया है, लिहाज़ा अगर आज मौलाना के ख़ान्दाने अ़ब्बासिया से होने का दावा करने वाले बाज़ खुश्क लोगों को यह सब बातें शिर्को बिदअ़त नज़र आती हों और तसव्वुफ़ो मारेफ़त से अल्लाह वास्त़े का बैर हो तो खुदा रा वह अपने नौपैद नज़रिये पर नज़रे सानी की ज़ह़मत फ़रमा कर 'पेवस्ता रह शजर से उम्मीदे बहार रख' के मिस्दाक़ बनें, बदनामिये आबाओ अज्दाद के मुर्तकिब न हों। और अल्लाह ही तौफ़ीक़े हिदायत अ़त़ा फ़रमाने वाला है।

(1) *मैकदए कैफ़ी, ह़ाफ़िज़ अ़ली ह़सन, मुक़द्दमा, सीन। मत़्बूआ शान्ती प्रेस, इलाहाबाद। 1929 ईस्वी*

for more books click on the link
https://archive.org/details/@zohaibhasanattari

https://ataunnabi.blogspot.in

क़सीद–ए–बुर्दा शरीफ़ जिसे हर दौर में अकाबिरीन व असाती़ने अहले सुन्नत ने हि़र्ज़े जाँ बनाया और अपने मामूलात में शामिल रखा, और जिसकी के़राअतो समाअ़त ढेरों बरकात का मूजिब रही है और उम्मत में सदियों से ज़ौक़ो शौक़ से पढ़ा और सुना जाता रहा है, अब सऊ़दी उ़लमा और उनके एजेन्टों ने न सिर्फ़ इसे नाजाइज़ो ह़राम क़रार दिया है, बल्कि सऊ़दी के कुतुब ख़ानों से भी इसे हमेशा के लिये निकाल बाहर किया है, उस क़सीदा बुर्दा के अशआ़र का इस्तेमाल अ़ल्लामा इ़नायत रसूल अ़ब्बासी चिरैयाकोटी (1320ھ/1902 ईस्वी) ने अपनी शुहरए आफ़ाक़ किताब 'बुशरा' में कसरत से किया है।

एलावा बरीं इस्तेग़ासे का यह शेर भी हर दोसरे तीसरे सफ़ह़े पर मौलाना फ़र्ते अ़क़ीदत और वुफ़ूरे जज़्बाते मह़ब्बत में रोलते नज़र आते हैं

علیک سـلام اللّٰه یا أكرم الـورىٰ
ومن هو في الدارين للخلق شافعٌ☆

यूँही मौलाना मुफ़्ती जुहूरुद्दीन अह़मद अ़ब्बासी चिरैयाकोटी ने भी मीलादो क़याम के तअ़ल्लुक़ से किये गए एक सवाल के जवाब में 'सुबुलुस्सलाम फ़िल मौलिदि वल क़याम' नामी पूरी एक किताब ही लिख दी है। और इसमें मुतक़द्दिमीन उ़लमा व फ़ुक़हा की इ़बारतों से यह साबित किया है कि मीलादुन्नबी मनाना और उसके लिये क़यामे ताज़ीमी करना न सिर्फ़ जाइज़ बल्कि कारे सवाब है।

मेरा विज्दान कहता है कि अगर मुफ़्ती जुहूरुद्दीन अ़ब्बासी चिरैयाकोटी का यह मस्लको मौक़िफ़ न होता तो वह कभी भी मीलादो क़याम के जवाज़ का फ़तवा न देते, ख़ामूश रह जाते या उसके नाजाइज़ होने का फ़तवा दे डालते!। क्या बाज़ कज त़बअ़ उ़लमा और अंग्रेज़ दोस्त मुल्लाओं ने मीलाद को नाजाइज़ो बिदअ़त नहीं लिख मारा है?, मागर चूँकि यह मौलाना की ख़ान्दानी तारीख़ी रिवायात और तारीख़ी तसलसुल के ख़िलाफ़ था, इस लिये

☆ *बुशरा, अज़ मौलाना इ़नायत रसूल अ़ब्बासी चिरैयाकोटी, मत़्बूआ़ शिरवानी प्रेस, अ़लीगढ़।*

for more books click on the link
https://archive.org/details/@zohaibhasanattari

https://ataunnabi.blogspot.in

मीलादो क़याम के जवाज़ का फ़तवा देकर उन्होंने मकीने गुम्बदे ख़ज़रा ﷺ की रज़ा जूई नीज़ खुद को उसी शजरे साया दार' से जोड़े रखने की सई़ये मश्कूर की है।

इसी त़रह़ ख़ित़्ते के नामवर आ़लिमो फ़ाज़िल मौलाना नज्मुद्दीन अ़ब्बासी चिरैयाकोटी (1307ھ/1890 ईस्वी) ने मीलादे मुस्त़फ़ा ﷺ की अहमियतो अ़ज़मत पर मुश्तमिल एक शानदार मंज़ूम किताब 'ख़म्सए मुह़म्मदिया' के नाम से तस्नीफ़ की, जो नवल किशोर लखनऊ से 1871 ईस्वी/1288 हिजरी में ज़ेवरे त़बाअ़त से आरास्ता होकर मंज़रे आ़म पर भी आ चुकी है। इस किताब की सत़र सत़र से मौलाना की खुश एतिक़ादी अ़याँ है, और अ़याँ रा चे बयाँ!। (1)

और फिर मौलाना मुह़म्मद मुह़सिन अ़ब्बासी चिरैयाकोटी की खुश अ़क़ीदगी और इश्क़े नबी में शेफ़्तगी व वाराफ़्तगी का क्या कहना!। वह न सिर्फ़ नात गो शाए़र थे, बल्कि फ़रोग़े नात के लिये उन्होंने अपनी ज़िन्दगी का लम्ह़ा लम्ह़ा वक़्फ़ कर रखा था। ज़ाते मुस्त़फ़वी से फ़क़त़ इ़श्क़ो मह़ब्बत का दावा ही न था बल्कि अ़मली त़ौर पर वह हर साल जश्ने मीलादुन्नबी ﷺ का बड़े तुज़्को एह़तिशाम के साथ आला पैमाने पर इनए़क़ाद किया करते थे। और ह़ाज़िरीन को जहाँ शीरीनी बाँटते थे, वहीं अपने मत़्बूआ़ नातिया कलाम से भी नवाज़ते।

अभी ह़ाल ही में मौलाना के पोते जनाब आ़मिर अ़ब्बासी गोरखपुरी से एक निजी मुलाक़ात के दौरान मौलाना का जहाज़ी साइज़ का क़लमी दीवान देखने का इत्तेफ़ाक़ हुवा। बिला मुबालग़ा इसमें सैकड़ों मनाक़िबो क़साइद (पचासों अशआ़र पर मुश्तमिल) ह़ज़रत सय्यदना शैख़ अ़ब्दुल क़ादिर जीलानी बग़दादी, ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती अजमेरी, चिराग़े रब्बानी मौलाना कामिल नुमानी वलीदपुरी वग़ैरहुम की ह़याते ताबाँ व ख़िदमाते फ़रावाँ पर बिखरे हुए नज़र आए, जिनमें कसरत से बुज़ुर्गों और अहलुल्लाह से तवस्सुल व इस्तिग़ासे के अशआ़र नज़्म किये गए हैं।

☆ *तफ़सील के लिये देखिये, ख़म्सए मुह़म्मदिया, मौलवी नजमुद्दीन अ़ब्बासी चिरैयाकोटी, मत़्बूआ़ मुंशी नवल किशोर, लखनऊ।*

for more books click on the link
https://archive.org/details/@zohaibhasanattari

https://ataunnabi.blogspot.in

नीज़ यह कि फ़तावा आ़लमगीरी जो न सिर्फ़ ह़न्फ़ी फ़िक़्ह व फ़तावा का अ़ज़ीमुश्शान इन्साईक्लोपीडिया और रहती दुनिया तक याद रखा जाने वाला एक मब्सूत़ फ़िक़्ही शाहकार है बल्कि यह हमारे अ़क़ाइदो नज़रियात और मामूलाते अहले सुन्नत को मुदल्ललो मुबहरन करके रख देने वाला एक ना क़ाबिले फ़रामोश क़ामूस भी है। तारीख़ हमें बताती है कि इसकी तर्तीबो तदवीन में दीगर बहुत से जय्यिद व मुम्ताज़ उ़लमा व फ़ुक़हा के साथ चिरैयाकोट की सर ज़मीन से उठने वाले एक मुफ़्ती व फ़क़ीह मुल्ला मुह़म्मद ह़ामिद अ़ब्बासी चिरैयाकोटी भी शामिल थे। इस मजमूआ़ फ़तावा में अ़क़ाइदो मामूलाते अहले सुन्नत को बड़े दो टोक अन्दाज़ में बयान किया गया है, और ऐसी बहुत सी चीज़ें जिसे आज बाज़ कम इ़ल्म अपनी ख़ुद साख़्ता शरीअ़त की वजह से शिर्को बिदअ़त से ताबीर करते हैं, इसमें उन्हें रूहे इस्लाम और ऐ़ने अदब बताया गया है। इस से भी यहाँ के उ़लमा व मशाइख़ की रास्त फ़िक्री और सालिहुल एतिक़ादी का अन्दाज़ा होता है।

यूँही चिरैयाकोट के उजड़ते हुए दौर के आख़िरी आ़लिमे रब्बानी अ़ल्लाम अह़मद मुकर्रम अ़ब्बासी चिरैयाकोटी ने अपनी एक इस्तिग़ासाती मंक़बत लिखी है जिस में यूसुफ़े किनअ़ाँ अ़लैहिस्सलाम के एलावा पीराने पीर दस्तगीर ख़ुसरवे जीलाँ शैख़ अ़ब्दुल क़ादिर बग़दादी अ़लैहिर्रह़मा से मदद त़लब की है इस से यह अन्दाज़ा कर लेना कुछ भी मुश्किल नहीं है कि वह अहलुल्लाह और औलियाए किराम से तवस्सुलो इस्तिमदाद के न सिर्फ़ क़ाएल थे बल्कि उस पर अ़मिल भी, इस्तिग़ासे के एक मक़ाम पर फ़रमाते हैं

नावे उम्मीदे मुकर्रम ब तबाही उफ़्ताद
ग़ौसे पीराँ मददे ख़ुसरवे जीलाँ मददे

यानी अह़मद मुकर्रम की उम्मीदो आस की कश्ती तबाही व हलाकत के भँवर में आ फँसी है। तो ऐ ग़ौसे आज़म पीराने पीर मेरी इम्दाद कीजिये। ऐ शाहे जीलाँ (इस मुश्किल घड़ी से) मुझे निजात दिलवाइये।

for more books click on the link
https://archive.org/details/@zohaibhasanattari

https://ataunnabi.blogspot.in

मज़कूरा बाला हक़ाइक़ो शवाहिद ने इस हक़ीक़त को बिल्कुल बेग़ुबार कर दिया कि मजमूई त़ौर पर उ़लमाए चिरैयाकोट के अन्दर फ़िक्रो एतिक़ाद की वही रौशनी थी जो अस्लाफ़े किराम की यादगार और अइम्मए आलाम का तुर्रए इम्तियाज़ रही है। यही वजह है कि उ़लमाए चिरैयाकोट की बाज़ तसानीफ़ दीगर मौज़ूआ़त के एलावा मामूलातो मुतक़ेदाते अहले सुन्नत की ताईदो तौसीक़ में भी नुमायाँ त़ौर पर पाई जाती हैं।

अ़लावा बरीं मौलवी मुह़म्मद नबी अ़ब्बासी चिरैयाकोटी ने अपने आबाओ अज्दाद से मंकूलो मुतवारिस' चिरैयाकोटी उ़लमा व फ़ुज़ला के नसब नामों पर मश्तमिल अपनी मुस्तनद किताब 'अह़सनुल अन्साब बनुल अ़ब्बास' के इख़्तिताम पर कुछ क़ीमती नसाएह़ व वसाया अ़ब्बासी बिरादरान के लिये क़लम बन्द की हैं, इस उम्मीद के साथ कि वह और उनकी आने वाली नस्लें उनसे इस्तिफ़ादा करके सरफ़राज़ी व सुर्ख़रूई ह़ासिल करें, और उनको अ़मली रंग देकर अपने दरख़शिन्दा माज़ी से ख़ुद को मर्बूत़ रख सकें। वसाया की बाज़ शिक़ें बहुत ही अहम हैं, जुम्ला वसाया को हमने 'तज़किरए उ़लमाए चिरैयाकोट' में तफ़सीलन नक़ल कर दिया है, मगर यहाँ मौक़ा की मुनासिबत से सिर्फ़ एक वसीयत पर इक्तिफ़ा किया जाता है। दफ़ा नम्बर 22 मौलवी मौसूफ़ फ़रमाते हैं:

> 'ख़ान्दान के बुज़ुर्गों, अ़ज़ीज़ों, नीज़ अम्बिया व सालिह़ीन की नज़रो नियाज़ को कभी न छोड़ना। यह क़दीम ज़माने से हमारे ख़ान्दान में सालाना और तारीख़ी दस्तूर चला आरहा है। मेरे वालिदे बुज़ुर्गवार और अ़म्मे मुह़तरम शैख़ मुह़म्मद अ़ली साह़ब मरहूम की यही वसीयत है, लिहाज़ा जिस त़रह़ कि यह मामूलात जारी हैं बदस्तूर होते रहें'......।

इन सब पर मुस्तज़ाद यह कि यहाँ के उ़लमा व मशाइख़ो सूफ़िया के नामों की फ़ेहरिस्त पर नज़र डालने से भी उनकी ख़ुश अ़क़ीदगी का बख़ूबी पता चलता है। मसलन कई एक उ़लमा और बुज़ुर्गों के अस्मा इस त़रह़ मिलेंगे: अ़ब्दुर्रसूल, अ़त़ा रसूल, ग़ुलाम रसूल, अ़त़ा हुसैन, नबी बख़्श, पैग़म्बर बख़्श, ग़ुलाम ग़ौस, ग़ुलाम हुसैन, ग़ुलाम चिश्ती, ग़ुलाम मुह़युद्दीन, इ़नायत हुसैन, और इ़नायत रसूल वग़ैरा।

for more books click on the link
https://archive.org/details/@zohaibhasanattari

https://ataunnabi.blogspot.in

ऐसे नामों को इस दौर के बाज़ नाम निहाद मुफ़्तियों ने नाजाइज़ क़रार दिया है, मग़र ग़ौर तलब बात यह है कि अगर यह नाम सही न होते तो यह इ़ल्मो फ़ज़्ल के पहाड़ और मैदाने शरीअ़तो त़रीक़त के शहसवार उ़लमा व मशाइख़ भला उन्हें कैसे बर्दाश्त करते!, फ़ौरन तब्दील न फ़रमा देते, ह़ालाँकि आज भी उनकी शुहरत उन्हीं मज़कूरा नामों से किताबों में मिलती है।

इस्तीआ़ब व तफ़सील मक़्सूद नहीं, वर्ना तलाशो तहक़ीक़ से फ़िक्रो एतिक़ाद के मज़ीद गोशे आशकार किये जा सकते थे, लेकिन आ़क़िलो दाना के लिये इशारा काफ़ी हुवा करता है। तो क़ारिईने किराम! मजमूई़ त़ौर पर यह थे उ़लमाए चिरैयाकोट के अ़क़ाइदो मामूलात जिनकी वह पूरी ज़िन्दगी लोगों को तालीम देते रहे और खुद भी उन पर अ़मल पैरा रहे।

नई पौद नई सोच

छाए रह़मत की घटा, कौसरो ज़म ज़म बरसे
आरज़ू है वही बरसात का मौसम आए

एक त़वील वक़्फ़े के बाद आज ख़ानवादए अ़ब्बासिया चिरैयाकोट से एक बार फिर अहले इ़ल्म की कुछ धमक सी मह़सूस हो रही है। कई दहाईयों का जमूद टूटा तो कुछ नौजवान फ़ुज़ला मामूरए वजूद में आए। यह अम्र हमारे लिये जितना खुश आइन्द है उतना ही ग़ैर इत़मीनान बख़्श भी, क्यों कि उसूल यह है कि 'पेवस्ता रह शजर से उम्मीदे बहार रख'। तो जब शजर' साया दार बल्कि रश्के बाग़ो बहार हो तो यक़ीनन उस से वाबस्तगी ही हर फ़लाह़ो ज़फ़र का अव्वलीन ज़ीना क़रार पाएगी।

लेकिन इस ख़ानवादे से सरे दस्त उठने वाले अहले इ़ल्म का सर रिश्ता बज़ाहिर माज़ियो ह़ाल के उ़लमाए चिरैयाकोट की खुश अ़क़ीदगी से ग़ैर मरबूत़ नज़र आ रहा है। नीज़ उनकी दावतो तब्लीग़, और उनके अफ़कारो नज़रियात बता रहे हैं कि वह अपने आबाओ अज्दाद की सच्ची रविशे आ़लिमाना व सूफ़ियाना पर क़ाइम नहीं, और उनके मस्लको एतिक़ाद से उनका इन्ह़िराफ़ साफ़ अ़याँ है। नतीजतन उनकी तब्लीग़ (नहीं बल्कि तफ़रीक़) के बाइ़स चिरैयाकोट की वह़दत' पारा पारा हो रही है, और अ़वाम दो पाटों में बटे जारहे हैं।

for more books click on the link
https://archive.org/details/@zohaibhasanattari

https://ataunnabi.blogspot.in

राहे इत्तेह़ाद

उ़माए चिरैयाकोट के अ़क़ाइदो नज़रियात इजमालन ऊपर बयान कर दिये गए हैं। अब ज़ाहिर है कि अ़ब्बासियाने चिरैयाकोट के अख़्लाफ़ो अह़फ़ाद होने का दावा करने वालों में अगर किसी ने इन मामूलात का इनकार किया, या उन्हें बिदअ़त क़रार दिया, तो यह इस बात का खुला सबूत है कि वह अपने अस्लाफ़ की रविश से मुंह़रिफ़ और उनके मुतक़ेदात से बाग़ी होगए हैं, और शायद ऐसा ही है, इसी लिये तो अब उन्हें न मीलादुन्नबी ﷺ की मह़फ़िलें भाती हैं..... न क़यामे ताज़ीमी के लिये उनके पाँव उठते हैं......, फ़ातिह़ व चालीस्वाँ से भी बेज़ार होगए हैं......, और मामूलाते अहले सुन्नत की हर चीज़ पर शिर्को बिदअ़त का फ़तवा दाग़े जारहे हैं......, अहलुल्लाह से अ़क़ीदत का भ्रम भी जात रहा......, तवस्सुलो इस्तिमदाद वह क्या जानें......, निदाए यारसूलल्लाह' उनके ह़लक़ का काँटा बन गया......., और अ़त़ाए इल्मे ग़ैबे रसूल के भी वह इनकारी हो बैठे हैं....।

अलग़रज़! ऐसा मह़सूस होता है कि वह पूरे त़ौर पर सलफ़ियतो वहाबियत के ज़ेरे असर हैं, और वहाबी तह़रीक के शाना बशाना चल रहे हैं, उसमें बढ़ चढ़ कर ह़िस्सा ले रहे हैं, और उनके नौ पैद अफ़कारो अ़क़ाइद की तर्वीजो इशाअ़ में अपना 'दाइ़याना' और अपने आबाओ अज्दाद के मामूलातो नज़रियात की तब्लीग़ो तौसीअ़ में 'बाग़ियाना' किरदार अदा कर रहें हैं। काश! वह यह समझ पाते कि उनके आबाओ अज्दाद क्या थे, और यह लोग अब क्या हैं और इन्हें क्या और कैसा होना चाहिये?।

अल्लाह जल्ल मज्दहु का बेपायाँ शुक्रो एह़सान है कि उसने मुझ ह़क़ीरो नातवाँ को उ़लमाए चिरैयाकोट पर काम करने का शुऊ़रो शरफ़ बख़्शा और आज कई दर्जन ऐसे उ़लमा व मशाइख़े चिरैयाकोट की ह़यातो ख़िदमात को मंज़रे आ़म पर लाने का मुझे एज़ाज़ ह़ासिल होरहा है, जिनको तारीख़ ने अपने ज़ोअ़्म में दफ़न करके अपने हाथ से मिट्टी तक झाड़ली थी....लोग क्या जाने तज़किरा निगारी व सीरत नवेसी को!, इस पानी पित्ता कर देने वाले काम का सही अन्दाज़ा बस उसी को हो सकता है जिसने इस दश्ते मुग़ीलाँ की पैमाई की हो, वर्ना तक़रीरो तह़रीर के ज़रिया इसकी सोऊ़बतों और जाँ गुदाज़ियों का बयान मुम्किन नहीं!।

for more books click on the link
https://archive.org/details/@zohaibhasanattari

https://ataunnabi.blogspot.in

हमने अल्लाह की तौफ़ीक़ो इनायत से सिर्फ़ मौलाना फ़ारूक़ अह़मद अ़ब्बासी चिरैयाकोटी का तज़किरा अस्सी (80) सफ़ह़ात में और उनके एक ग़ैर मारूफ़ साह़बज़ादे मौलाना यासीन चिरैयाकोटी की ह़याते ख़िदमात को चालीस (40) सफ़ह़ात में क़लम बन्द किया है, अ़ल्लामा मुबीन कैफ़ी और शम्सुल उ़लमा मौलाना अमीन तो मशाहीरे रोज़गार से हैं, इनके तज़किरे ख़ासे तफ़सीली हैं।

याद रहे कि सिर्फ़ बड़ों का बेटा होने से कोई बड़ा नहीं होजाता, अस्ल बड़ाई इल्मो कमाल और ईमानो अ़क़ीदे की बड़ाई होती है। ऐसी औलाद उस वक़्त बड़ी मानी जाती है जब वह अपने अस्लाफ़ के नक़्शे क़दम पर चले और ज़माने में उनकी तालीमातो नज़रियात को आ़म करके रख दे, वर्ना सिर्फ़ बुज़ुर्गों की बैसाखी का सहारा लेकर उड़ने वाले लोग बहुत जल्द ज़मीन पर आजाते हैं, और दुनिया उन का इ़बरतनाक अंजाम देखती है।

यूँही बुज़ुर्गों का शजरए नसब लेकर ढोने से भी कोई बड़ा नहीं होजाता, और न उस शजरए नसब की वजह से उसका उस बुज़ुर्ग से सही तअ़ल्लुक़ और ह़क़ीक़ी रिश्ता क़ाइम हो सकता है। अगर ऐसा ही होता तो फिर ह़ज़रते नूह़ अ़लैहिस्सलाम के नाफ़रमान बेटे के पास भी ओरीजिनल शजरए नसब था, जिसे वह लेकर घूमता था, और ज़माना यही जानता था कि यह नूह़ का बेटा है, और खुद ह़ज़रते नूह़ ने भी उसे अपना बेटा ही कह कर बुलाना चाहा था कि ग़ैब से आवाज़ आई, ऐ नूह़: إِنَّهُ لَيْسَ مِنْ أَهْلِكَ

यानी ये आपका बेटा नहीं। जब इसका ईमानो अ़क़ीदा ही आपसे मेल नहीं खाता तो क्या बेटा बना फिरता है, रिश्ते तो ईमानो अ़क़ीदे की असास पर क़ाइम होते हैं, यह बे बुनियाद व बेईमान तो इस से पूरा पूरा मह़रूम है। इस से पता चला कि मह़ज़ शजरे ढोने से इन्सान की निस्तब क़ाइम नहीं होती बल्कि अ़क़ीदा व अ़मल में यक्सानियत और फ़िक्रो रविश में हम आहंगी निस्बतो तअ़ल्लुक़ के क़याम का सबब बनती है।

तह़दीसे नेमत के त़ौर पर कहता हूँ कि अल्लाह की तौफ़ीक़ो नुसरत से इस वक़्त मेरे पास कोई पचास से ज़ाइद' उ़लमाए चिरैयाकोट की कुतुब व रसाइल मौजूद हैं। उनमें बाज़ मत़्बूआ़ हैं जबकि अक्सर ग़ैर मत़्बूआ़ और क़लमी हैं। अल्लाह ने चाहा तो बहुत जल्द यह सरमाए कई जिल्दों में तबअ़् होकर मंज़रे आ़म पर आएँगे, और उ़लमाए चिरैयाकोट की किताबों से आप

for more books click on the link
https://archive.org/details/@zohaibhasanattari

https://ataunnabi.blogspot.in

पर ज़ाहिर हो जाएगा कि वह किन अ़क़ाइदो नज़रियात के ह़ामिल थे और आज उनसे अपना नस्ली रिश्ता जोड़ने वाले किस वादी में भटक रहे हैं!!!।

शायद अ़ल्लामा अ़हमद मुकर्रम अ़ब्बासी चिरैयाकोटी को इसका कुछ एह़सास हो चला था, इस लिये जाते जाते वह बड़े पते की बात फ़रमा गए

बे इ़ल्म कसे हस्त कि बद तर ज़ पेसर अस्त
बे जास्त हमा फ़ख़्रे नसब रा व ह़सब रा
बद नामिये आबाई शवद शुहरए आफ़ाक़
औलाद न दानन्द अगर अख़्लक़ो अदब रा

यानी ज़ेवरे इ़ल्म से आ़री बेटा बद तरीन इन्सान है। उसे यह ज़ेब नहीं देता कि मह़ज़ अपने ह़सबो नसब की बलन्दी पर फ़ख़्रिया इतराता फिरे। और अगर औलाद अख़्लाक़ की सही क़द्रों से नावाक़िफ़ और शेवए अदब से बे बहरा होतो अपने आबाओ अज्दाद की जग हँसाई का सबब बन जाती है।

अ़र्बी का एक ज़बान ज़दे ख़ासो आ़म मक़ूला है:

الولـد الحـر يقتدى بآبـائه الغـر .

यानी शरीफ़ुत्तबा आज़ाद बेटा (हमेशा) अपने सलफ़ सालिह़ीन की पैरवी किया करता है।

लेकिन इस मौजूदा पौद ने अपने आबाओ अज्दाद की एतिक़ादी रविश से हट कर यह साबित कर दिया है कि यह अपने अस्लाफ़ की नेक नामी की अ़लम बर्दार नहीं बल्कि –बद क़िस्मती से– बदनामिये आबाओ अज्दाद की मुर्तकिब होरही है। और यह 'शरीफ़ुत्तबा आज़ाद बेटे' का किरदार अदा नहीं कर रही बल्कि किसी और की ग़ुलामी' का क़लादा ग़ुलू गीर करके ख़सेरदुनिया वल आख़िरह का मिस्दाक़ हुई जाती है, और ह़रीमे इ़ज़्ज़ते ख़ान्दानी के पाक दामन पर सियाही का धब्बा बनती जारही है। आज जो ख़ानवादए अ़ब्बासिया के ह़ामिल और वाबिस्तगान हैं, उनके तो अपने मूरिसे आला ख़लीफ़ा मंसूर अ़ब्बासी का वह क़ौल याद रखना चाहिये जो उसने यह़या बिन ख़ालिद बरमकी की जबीने सआ़दत पर आसारे अर्जमन्दी व बलन्दी देख कर कहा था:

ولد الآباء أبناء وولد خالد بن برمک آباء . (1/22:किताबुल अज़्किया)

यानी और लोगों की औलादें तो बेटे कहे जाने की मुस्तह़िक़

for more books click on the link
https://archive.org/details/@zohaibhasanattari

https://ataunnabi.blogspot.in

है, लेकिन ख़ालिद बिन बरमक का बेटा बाप कहे जाने के लाइक़ है।

ख़ुदा इसे तौफ़ीक़े ख़ैर से नवाज़े, और अस्लाफ़ के उसी शजरे साया दार से वाबिस्ता रहने नीज़ अपने रौशनो ताबिन्दा माज़ी से मर्बूत़ होने की हिम्मत व जुर्अत बख़्शे। आमीन यारब्बल आ़लमीन।

अख़ीर में अ़ज़मतो तारीख़े चिरैयाकोट के ताबिन्दा माज़ी का एक धुन्दला सा नक़्शा खींचते हुए इस किताब को ख़त्म कर रहा हूँ:

ऐ चिरैयाकोट ! ऐ गेतिये मा!!

चिरैयाकोट! ऐ मेरे प्यारे वत़न! ऐ अहले इ़ल्म की नाज़ प्रवर्दा बस्ती! ज़रा पीछे हट और इतना पीछे कि हमें वह समाँ सर की आँखों नज़र आजाए जब फ़ातेह़े चिरैयाकोट ह़ज़रत क़ाज़ी मख़दूम शाह इस्माईल अ़ब्बासी ने इस बस्ती को अपनी तशरीफ़ आवरी से एज़ाज़ो शरफ़ बख़्शा था।

हाँ! ऐ मेरे वत़न! अपने औजो उ़रूज के ज़माने से जा मिल और हमें एक नज़र वह मंज़र दिखादे वह ग़ज़ियों के घोड़ों की हिनहिनाहट ––––– वह उनके टापों की सदाएँ ––––– वह नारए तकबीर की बाज़ गश्त ––––– वह दामने गर्द चीर कर मुजाहिदीन के गिरोह का बात़िल को पामाल करके आगे बढ़ आना ––––– चिरैयाकोट में पड़ाव डालना ––––– वह उनके ग़ाज़ियाना वलवले ––––– वह उनका अ़र्बी व फ़ार्सी लबो लेहजा ––––– और वह मुस्लिम निबरद आज़माओं की छावनी ––––– वह शैख़ मुह़म्मद अ़ब्बासी चिरैयाकोटी के फ़लक बोस मदरसे की फ़सीलें ––––– वह क़ाज़ी मुह़म्मद पनाह चिरैयाकोटी की शाहाना शौकत के दिल फ़रेब मनाज़िर ––––– वह नवाब मौलाना ह़ातिम ख़ान सिद्दीक़ी की सख़ावतो दरिया दिली की मिसालें ––––– वह मौलाना अह़मद अ़ली अ़ब्बासी की साइन्सी दरियाफ़्तों के जलवे ––––– वह क़ाज़ी इ़नायत हुसैन अ़ब्बासी चिरैयाकोटी के फ़िक़्हो तसव्वुफ़ से मामूर रूह़ प्रवर ज़मज़मे ––––– वह मौलाना फ़ारूक़ चिरैयाकोटी की दानिश गाहे इ़ल्मो ह़िकमत के नज़ारे ––––– वह मौलाना इ़नायत रसूल चिरैयाकोटी के फ़ज़्लो कमाल की कहकशाएँ ––––– वह अबुल जमाल मौलाना अह़मद मुकर्रम अ़ब्बासी का इ़ल्मी जाहो जलाल ––––– खुदा के लिये हमें भी यह समाँ एक नज़र दिखादे!।

for more books click on the link
https://archive.org/details/@zohaibhasanattari

https://ataunnabi.blogspot.in

मगर आह ऐ ज़माने! ऐ गर्दिशे अय्याम! हम जानते हैं कि तू अब न तो वह ताबिन्दा अ़हद वापस ला सकता है और न वह इल्मी रिवायतें हमें दोबारा बख़्श सकता है ---- अच्छा यह नहीं तो इस दौरे इदबारो तनज़्ज़ुल में अपनी ह़ालत का हमें सही एह़सास ही इनायत कर!!!।

हम इस उजड़े हुए गुलिस्तान का मर्सिया और अपने दर्दो कर्ब का फ़साना किसी बुलबुले नालाँ और फ़ाख़्तए दिल गिरिफ़्ता की त़रह़ यहाँ की ज़रखे़ज़ मिट्टी से उठने वाले एक अ़ज़ीम जयाले अबुल मआ़नी मौलाना मुह़म्मद मुबीन कैफ़ी अ़ब्बासी के हम ज़बान होकर अपने मालिको मौला के हुज़ूर मुनाजाती रंग में यूँ पेश कर रहे हैं

या रब दिले मुर्दा को एजाज़े मसीह़ा दे
जो सुब्ह़ से पहले ही इस ख़्वाब से चौंका दे
फिर साज़िशे पिन्हाँ में तासीर इनायत कर
फिर रूह़ को गरमादे फिर क़ल्ब को तड़पा दे
हाँ पहलूवे बिस्मिल को फिर दर्द भरा दिल दे
फिर क़ैसे महब्बत को बेताबिये लैला दे
फिर उम्मते वह़शी को इस्लाम की उल्फ़त दे
आहूवे रमीदा को फिर वुस्अ़ते सह़रा दे
हम पास तेरे पहुँचें बचते हुए ठोकर से
हाँ इल्म का मिश्अ़ल दे फिर दीदए बीना दे
फिर मुस्लिमे बेकस को सर गरमे इनायत कर
फिर ख़ाक के ज़र्रे की तक़्दीर को चमका दे(1)

ख़ुदा वन्दे आ़लम' अहले चिरैयाकोट पर ख़ास्सुल ख़ास करम फ़रमाए। हमें उ़लमाए चिरैयाकोट के मिन्हाजो खुतूत़ पर चलने, और अल्लाह व रसूल को राज़ी व खुश करने का काम करने की तौफ़ीक़ मरह़मत करे, और चिरैयाकोट के इत्तेह़ादो इत्तेफ़ाक़ की फ़ज़ा को इफ़्तिराक़ो इन्तिशार के तकद्दुर से मह़फ़ूज़ो मामून रखे। आमीन यारब्बल आ़लमीन बेजाहि सय्यदिल मुर्सलीन अ़लैहि वआलिही अफ़ज़लुस्सलातु व अकरामुत्तस्लीम।

---

(1) माहनामा अलइल्म, जिल्द1, शुमारा4, अगस्त1916ईस्वी। स245। इब्राहीमिया प्रेस, आज़मगढ़।

for more books click on the link
https://archive.org/details/@zohaibhasanattari